Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to provide enough quantity of fertilizers to farmers in Bihar.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): **अध्यक्ष जी, मैंने शून्य काल के लिए सूचना दी थी, लेकिन लॉटरी में मेरा नाम नहीं आया । अब आपने मुझे बोलने की अनुमति दी, इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ ।**

महोदय, मेरा विषय बहुत ही महत्वपूर्ण है और यह किसानों से संबंधित है । बिहार के मेरे संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद के दोनों जिले गया और औरंगाबाद में अभी रबी फसल की बुवाई का समय है, लेकिन वहाँ खाद की भारी किल्लत है । बिहार के कई सांसदों ने माननीय रसायन मंत्री जी से मिलकर इस बारे में निवेदन भी किया । आज की सूचना है कि कुछ खाद के रैक जाने वाले हैं । अभी वहां इसकी कमी है और इसका यही समय है । अगर 10 से 15 दिन के अंदर खाद नहीं पहुंचती है, डीएपी, एनपीके और फास्फेट नहीं पहुंचते हैं, तो फिर बुआई का समय निकल जाएगा और किसान भारी नुकसान में होंगे । मेरा आपके माध्यम से माननीय रसायन मंत्री श्री मनसुख भाई मांडविया जी से अनुरोध है कि जल्द से जल्द हमारे संसदीय क्षेत्र और पूरे बिहार में जहां-जहां इसकी कमी है, लक्ष्य के अनुरूप खाद की उपलब्धता डीएपी, एनपीके, फास्फेट और यूरिया जैसे रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता शीघ्र से शीघ्र किसानों को करायें, ताकि उनको लाभ मिल सके ।